अमर उजाला 21/02/2024

पोस्टर मेकिंग में कैंट पीजी कॉलेज का दूसरा स्थान

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्र व प्रतिभागी। संस्था

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विज्ञान विभाग व भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्थान (रोहतक चैप्टर) के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम व ऑनलाइन इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें प्रदेश के कई कॉलेजों के 150 से अधिक छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता साइंस फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर विषय पर आयोजित की गई थी। इस अवसर पर डॉ मनीराम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ एसके पांडे ने बताया की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय पीजी कॉलेज सेक्टर 1 पंचकूला की भावना ने प्रथम, राजकीय पीजी कॉलेज अंबाला कैंट की अनुष्का ने दूसरा और पंडित चिरंजी लाल शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज करनाल के नितिन शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि विज्ञान ने हमारे जीवन में परिवर्तन ला दिया है, हमें सकारात्मक रूप से उन्हें प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए डॉ सत्येंद्र खटकड़, समन्वयक रोहतक चैप्टर का भी धन्यवाद दिया।

नारा लेखन में प्रथम स्थान पंडित जवाहरलाल नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डोली शर्मा, द्वितीय स्थान मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहबाद से शुभम और तृतीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज जींद से अमन ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ कुलदीप यादव ने बताया कि 28 फरवरी को शाम पांच बजे तक सभी प्रतियोगिताओं के आवेदन स्वीकार किए गए थे।